you raise issues? My learned friend, while moving the Bill, said that sometimes, the party gives instructions to their Members to make *hungama*. No party gives this mandate to any Member to make *hungama*. It is the grievances. It is the urgency of that matter which he wanted to raise on the floor of the House and when he does not get an opportunity, he gets agitated. If you allow him to ventilate his views or discuss that matter on the floor of the House and Government comes out with a solution, you will never see an adjournment in the House. You will never see that a Member is jumping into the Well. Nobody feels happy when he goes to the Well, or when he is agitated. No Member feels happy. When Members come from their constituencies and when they give audience to the people and they hear their problems and grievances, they think that they must do something for those underprivileged people who cannot afford to even sit here in the visitors' gallery. So, at least, we should do something for them. But, it is very unfortunate because I was going through this record that since when it has deteriorated. Sir, 1975 was the first time when Emergency was declared. In 1975, sittings came down from 119 to 63. Then, in the next year, it was 98. Then, it was 86. Again, in 1978, it was 115 days. It again came down in 1979 to 66 days. Then, 1988 onwards, it is taking the downward trend. The question is: why? Population is increasing; problems are increasing; unemployment is increasing; crisis situations are more. But, the number of sittings is decreasing. So, if you ask a journalist friend there, he says, "No, these are the Members." They write big articles in the newspapers that they have not allowed the House to function. The Treasury Benches, anybody sitting there, will blame the Opposition...*(Interruptions)*. No, those Benches are also protected, and anybody sitting there always think that they are right and others are wrong. It should not be so. I was thinking that since when we have stopped doing the work of nation building. Now, with every Budget, we bring some new formulae, some new *Yojanas*, some new schemes. But, overall, where are nation building schemes? I am not against NREGA. But, when they said, "Through NREGA, no permanent structure will be constructed". Why? If no permanent structure will be constructed, then, why are you spoiling the man hours of the country, the energy of the country? Is it just to give money? You create permanent structure. You pay money for that. Then only, one can understand that with the money spent from the national exchequer, you have created national asset. But that is not there. That is why, I am saying that whenever we formulate certain schemes or announce certain schemes, it is not discussed threadbare.

Every political party brings an emotional agenda, sometimes in the name of ...*(Interruptions)*...I said, every party. If you want to know the names, I can quote 146 parties. There is no problem. When I am speaking, it means that it includes me also. Sir, all political parties bring emotional agenda. But did anybody try to draw a national priority. What are the national priorities? Every year, we go to the United Nations General Assembly. Whenever any

new covenant, law or treaty is passed, India is the first signatory. We are signatory to 'Health for All'. By 'Health for All', we mean that we will provide medical facilities to the entire population. Have we done that? We are signatory to 'Shelter for All', which means that we will provide houses to everybody. Have we done that? 'Justice for All', have we done that? 'Food for All', have we done that? 'Job for All', have we done that? 'Education for All', have we done that? The answer to all these is in the negative. How will you do it if you do not discuss it in the Parliament? If these national priorities are not drawn and brought on the floor of the House for discussion, how will you do it? You have to do this if you want to build the nation.

Today is an important day. Railway Budget has been announced by the new Railway Minister. The Railway Minister might have announced some important and attractive trains, reduction of train fare and all those things. Just compare what Britishers left and what we have today. How many kilometres of railway line did Britishers left, and, in the last sixty years, how many inches of railway line have we added to that. Just calculate this. Then, you will come to know that you have just converted from meter gauge to broad gauge; from broad gauge to second line; from one line to second line or third line, and, nothing else.

Britishers came here to rule this country and commercially exploit us. They exploited us. They identified the places from where they would take the iron ore. They identified the port from where the ship would go outside India after loading. They identified the places. Take for example, Darjeeling train. Who started this? Britishers started this. Why did they start it? At that time, because the air-conditioners were not there, during summer period, they wanted to shift their capital from one place to second place. Take for example, Shimla train. Who started it? Britishers started this. Kalka Mail was known as a super mail. There is a guideline that when Kalka Mail crosses any subdivision, the Sub-Divisional Manager should be present in the control room because all the *Sahebs* travel in the train.

We must discuss these matters, whether it is the railways, steel, coal, nation development, roads, rivers. Now, there are no waterways although we are called country of rivers. Here rivers are worshipped. In the entire world, except India, no river is worshipped. If you live in the North, the Ganga is worshipped. If you live in the South, the Krishna and the Cauvery are worshipped. If you live in the West, the Godavari is worshipped. And if you live in the area near Gujarat or Rajasthan, the Saraswati is worshipped. It is a country of rivers. But we never thought of interconnecting rivers. We never discussed the matter in the House. Is it not important? The concept of 'Garland Canal' has come several times. But we never discussed it, because we did not have the time to do it.

My humble submission is that this is an important Bill. The Government should assure the House or assure the hon. Member that it will bring the amendment.

Shri Shantaram Laxman Naik read the Article 85, Sessions of Parliament, prorogation and dissolution. It says that the President shall from time to time summon each House of Parliament to meet at such time and place as he thinks fit, but six months shall not intervene between its last sitting in one session and the date appointed for its first sitting in the next Session.

But what is President? Article 74 says that there shall be a Council of Ministers with the Prime Minister at the head to aid and advise the President who shall, in the exercise of his functions, act in accordance with such advice.

What does this mean? That means the wish of the Government will be the wish of the President. So, if the Government does not desire to summon the House, or, to provide time to the House for discussion, you cannot summon the House.

Similarly, it is the State Council of Ministers which aid and advice the Governor. And what is that? The hon. Member was quoting the case of Karnataka. I think that Mahendra Mohanji forgot about his own State, Uttar Pradesh. It sat for less than 30 days. The Assembly of the largest State of the country has less than 30 days of sitting.

Under Article 213 of the Constitution, the Governor can promulgate an Ordinance. You ask any Sugarcane Growers' Cooperative Society, when there is no session, they will issue an ordinance. The House will meet for one day or two or three days, and they will not convert that Ordinance into Bill, and that will lapse. After the conclusion of the session, again, they will issue the same Ordinance with a change in 'a' and 'b.'

The same thing is happening in other States also. States are being run by Ordinances. There is no legislation, because there is no time to pass the legislation. There is no consensus to pass the legislation.

My point is, everybody sitting in this House, whether in this corner or that corner, is interested in nation building. And for nation building, our founding fathers have given us the best forum — Parliament. Parliament is to make laws. Parliament is to discuss, debate and deliberate. Parliament is to control and contain corruption. Ministers are made accountable to Parliament, and, through them, the officers are accountable to Parliament. Parliament is to monitor through the monitoring agency and the regulating agency. But, are we doing that? We are failing in that. We are failing in that. And the most important duty in this is of the ruling party. The ruling party must come forward with a Constitution Amendment where it should say that we are amending article 85 and fixing up the sittings as 120 days minimum in Lok Sabha and Rajya Sabha, and in Assemblies, 90 days minimum. That should be fixed. And, that is the recommendation not only of the Chief Whips' Conference, but also, I think, of the Presiding Officers' Conference. There also, they have discussed and deliberated on it.

With these words, Sir, I once again thank you for having given me an opportunity to speak on a very important Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Now, Shri Rajniti Prasad. Not here. Shri Matilal Sarkar.

SHRI MATILAL SARKAR (Tripura): Sir, thank you very much. Sir, first of all, I would like to commend Mahendra Mohanji for bringing forward a very important matter in the House and to rouse us to see that we all stand by in one voice so that the Parliament session may be made meaningful.

Sir, we have numerous problems. We come from States. This is the Council of States. Every State is particular about its own problems. The problems of the North-East may not coincide with the problems of Punjab or Tamil Nadu. When we come here, we want to ventilate the views of the people, their sufferings and their day-to-day life references. We like to bring forth them here. But, what happens is, when we rise to speak, from the Chair, very often, we are cautioned that we must conclude within five minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): I will not say that today. Today, I will not say it.

SHRI MATILAL SARKAR: So, Sir, very often, we face this. Sir, I have observed the sittings in the other House. They are very large in number and while watching their speeches on television, I have seen that they have to conclude in 2-3 minutes. I think, they are more knowledgeable than us in that matter. In this way, actually, we cannot properly ventilate what we want to speak.

Sir, the House has various forms or practices for deliberations by the Members. These are Calling Attention, putting supplementaries, Short Duration Discussion, Special Mentions and, of course, in the other House, the scope of bringing No Confidence Motion and all these things. Sir, I have seen that while supplementary questions are being put to the Ministers, we always raise our hands. Sir, I am on the Food and Public Distribution Committee. So, whenever I have seen that the particular question is very pertinent for me, because I deal with the same there in the House, I find that several Members have raised hands, but the hon. Chairman or the Vice-Chairman or the Deputy Chairman are not supposed to know who belongs to which Committee, and, thereby, the chances of some of us are lost. And it is lost for ever, Sir. It is lost for ever, and I have seen that everybody has raised questions but my point remains unexposed. So, by this way, we miss, and we let others also miss!

Sir, there are incidents in the country, by which the whole country is shaken. There are so many — earthquakes, cyclones, storms, violences, ugly riots, racism, economic issues and sufferings of the people. But we have seen that this Session is not near at hand. And there is no possibility that Session will run. By this way, all these matters or many of these matters go

undiscussed. And when the Session comes, situation changes; new things come in the front and those very important matters become the matters of the past. Situation has changed, and when the Session runs, then, the current affairs only come to the fore. That is why many of the matters by which the whole nation is shaken and which affects the lives of the people also, but the Parliament is not allowed to discuss, we do not get the scope to discuss. Sir, what we have seen in the few months ahead is, in the House, there was a sort of, what should I say, Sir, restlessness in this House, and also in the other House, due to some political chaos. But what I have seen is that by taking advantage of the situation, the Government has taken the opportunity to get the Bills passed without discussion! I do not blame the Government because every Government may take the opportunity like this. But, this is, actually, what we have seen in the papers that here, in the House, and in the other House also, just in 17 minutes, eight Bills have been passed! The news has come like this; I do not know how far it is correct. And, amongst the Bills, there have been important Bills. They are important Bills, but the Bills have been passed! So, we could not give our views; Members could not give their views, their own views or the views of their party; nothing could be given. And by voice votes, the Bills are getting passed! And after three years it may happen that some amendment comes. But, at that time, we shall not be there; some new Members will come and will give their own views, their own thinking!

Sir, see what happens to the Special Mentions! We, the Members, bring very important matters in the House through our Special Mentions. and if one is allowed to read out his or her Special Mention, everybody in the House can understand the meaning or the significance of that Special Mention. But, Sir, what we are allowed to do is "you just lay it!" "You just lay it!" And we rise, and when we rise, the Chair knows that so and so Member is present; so this should be accepted!

Others could not understand what is stated in the Special Mention. I could not know what my colleagues have stated in their Special Mentions. That is why the true meaning of the legislation....

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Matilalji, on this issue the leaders of the parties can sit together and bring about a consensus. If you are ready to sit after 5.00 P.M., the Special Mentions can be read also. I think, you can take the initiative for doing that. You can take the initiative for doing that.

SHRI MAHENDRA MOHAN: If we meet more often, we will automatically get more time.

SHRI MATILAL SARKAR: They come in the papers. They come in the parliamentary apers. But my point is not this. If I read it out in the House, others can understand it and they would take interest in it, and thereby the subject-matter can get enriched. That scope is lost.

Sir, the session of the House is not getting the importance it deserves and it is not bearing the fruits in the right way. I should say that its importance is sometimes ignored and very often the Parliament is bypassed. Take, for example, the promulgation of ordinances. This is the best instance where the Parliament is bypassed. Sometimes the Government takes decisions overnight when the Parliament is scheduled to meet on the next day. We have seen that at midnight the prices of petrol and diesel have been increased. In the morning the Parliament was going to sit and at midnight this price hike had taken place. By these acts actually the Parliament is getting bypassed. This should not be there. We should not belittle the importance of the House. What is the lacuna? There is a lacuna.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Matilalji, your party's time is eight minutes. You have taken twelve minutes.

SHRI MATILAL SARKAR: I am concluding. Lacuna is there. We don't get time for discussion. The Parliament sits for 20 days or 25 days. It is like that. Sometimes the Parliament gets adjourned before the schedule. As a result of this, the things that we want to bring here or the opinions, the sufferings and the views of the public which we would like to ventilate here, we can't do in the right way. That is why the session should be in its normal form. Actually, a session should be, at least, for 30 days. This is customary. That should be maintained at any cost. By bringing forward this Bill hon. Member, Shri Mahendra Mohan, has given us an opportunity to bring it again to the knowledge of the Government. While preparing for the Budget Session, they should consider all these points.

With these words, I thank you and conclude.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you very much, Matilalji. Shri Brij Bhushan Tiwari.

श्री बृजभूषण तिवारी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं श्री महेन्द्र मोहन के इस विधेयक का पूरी तरह से समर्थन करता हूं, क्योंकि माननीय सदस्यों को इस विधेयक के जरिए, बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर अपनी राय प्रकट करने का मौका मिला है।

आज हम देख रहे हैं कि दिनों-दिन लोकतंत्र में लोक सभा, राज्य सभा या राज्य की विधानसभाओं का महत्व घटता जा रहा है। अभी हमारे माननीय सदस्य ने ठीक ही कहा कि एक तरफ देश की आबादी बढ़ रही है, हमारी समस्याएं दिनों-दिन बढ़ रही हैं, उसी के साथ ही साथ यह बड़ी ही विचित्र और आश्चर्यजनक स्थिति है कि हमें अपनी समस्याओं को लेकर बहस करने का मौका नहीं मिलता है। मान्यवर, यह लोकतंत्र बुनियादी तौर पर बहस मुबाहिसे की ही एक व्यवस्था है। यह तर्क-वितर्क है और तर्क-वितर्क के जरिए ही हम सच्चाई तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। सत्य क्या है, सच्चाई क्या है, उसे जानने की तरफ हम बढ़ते हैं। यह जो संसद है, इस संसद के पीछे मूल भावना यही है कि इस संसद में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि आते हैं, इसीलिए संसद के बारे में कहा गया है कि संसद देश की जनता के अरमानों और उसकी इच्छाओं का आईना है कि जनता के अंदर क्या अरमान हैं, जनता की क्या समस्याएं हैं, जनता की क्या परेशानी है। जनता के द्वारा निर्वाचित सदस्य संसद में पहुंचता है, संसद में आता है तो यह उसका दायित्व होता है कि वह जनता की

समस्याओं को सदन में उठाए, उसकी चर्चा उठाए, क्योंकि सदन के जितने भी नियम हैं, उन सारे नियमों का एकमात्र उद्देश्य है कि विभिन्न तरीकों से इन नियमों के अंतर्गत, जो लोक महत्व के विषय होते हैं, हम उन विषयों को उठाते हैं। क्वेश्चन ऑवर से सदन शुरू होता है। क्वेश्चन ऑवर में एक घंटे का समय है और उस क्वेश्चन ऑवर में विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। मंत्री की बाध्यता होती है कि वह उसका जवाब दे। यदि सदस्य जवाब से संतुष्ट नहीं होते हैं तो उसके भी नियम हैं। उस पर बहस या अल्पकालिक चर्चा उठाई जा सकती है। इसके जरिए सरकार के क्रियाकलापों का पर्दाफाश हो जाता है,उसके क्रियाकलाप उजागर हो जाते हैं, जनता के सामने आते हैं। यही लोकतंत्र की बुनियादी बात है कि सरकार अंधेरे में काम नहीं करे, सूरज की रोशनी में काम करे। देश के हर नागरिक का यह अधिकार बनता है कि वह सरकार की सारी कार्यवाहियों की पूरी जानकारी उसे हो और वह जानकारी हासिल करने का एकमात्र जरिया या एकमात्र संस्था संसद है। इसलिए यह कहा जाता है कि संसद के सत्र बढ़ने चाहिए, ज्यादा से ज्यादा होने चाहिए। परंतु अभी माननीय सदस्यों ने कहा और अभी जो आंकड़े हमारे पास हैं, 1952 से लेकर 2008 तक के, आप यह समझिए की शुरू में 103, 137 और 139 सिटिंग्स हुईं। 1955 में 139 लोकसभा की सिटिंग्स हुईं और 111 राज्य सभा की सिटिंग्स हुईं, परंतु जैसे-जैसे समय बीतता गया, स्थिति इतनी दयनीय हो गई कि राज्य सभा की सिटिंग्स 60 या 65 पर आ गई और लोक सभा की सिटिंग्स 46 तक पहुंच गई। अब आप कल्पना कर सकते हैं कि 46 दिन में क्या होगा। पहले तो कमेटी व्यवस्था नहीं थी तो बहुत से विभागों की जो अनुदान मांगें होती थीं, वह गिलोटिन हो जाती थीं, पास ही नहीं होती थीं। पहले बहुत से कॉलिंग अटेंशन लाने के लिए बहुत जद्दोजहद करनी पड़ती थी। वे एडमिट ही नहीं होते थे। बड़ी मुश्किल से कहीं, एक, दो या तीन और वह भी अगर मंत्री जी चाहें, मंत्री जी की राय होगी तभी आपका कॉलिंग अटेंशन स्वीकृत किया जाएगा।

क्योंकि सरकार और सरकार की नौकरशाही, ये दोनों बहस से भागते हैं। कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता। इस संसदीय लोकतंत्र में जो accountability और transparency है, पारदर्शिता और उसका दायित्वि, इन दोनों से यह सरकार और सरकार की नौकरशाही भागने की कोशिश करती है। इसलिए इनकी कोशिश होती है कि सदन कम-से-कम समय का हो।

मान्यवर, सबसे बड़ी बात यह भी है कि जो भी सत्र होते हैं, उनमें ज्यादा समय सरकारी कार्य होते हैं। गैर-सरकारी काम के लिए मुश्किल से शुक्रवार को आधा दिन मिलता है। सदस्यों के जो अधिकार होते हैं, उन अधिकारों में कटौती होती है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि हमें सचमुच लोकतंत्र को जीवंत बनाना है, क्योंकि लोकतंत्र में ही जितनी भी सारी राजकाज चलाने की व्यवस्थाएँ हैं, उन व्यवस्थाओं में आज भी लाख खामियों के बावजूद लोकतंत्र ही सबसे अच्छी और सबसे सुविधाजनक व्यवस्था मानी गई है। दुनिया में इसका आज भी कई तरीके से विरोध हो रहा है, इसमें तमाम प्रकार की विकृतियाँ आ रही हैं, पर इन सबके बावजूद आज भी यही सबसे ज्यादा स्वीकार्य है। इस लोकतंत्र में अगर संसद बिल्कुल पंगु बन जाए, संसद बिल्कुल कमजोर बन जाए, संसद का जो प्रभाव होना चाहिए, वह प्रभाव बनने की बजाय घट जाए, तो इस लोकतंत्र का मतलब क्या है! लोकतंत्र का मतलब तंत्र भर रहेगा, लोक गायब हो जाएगा। जनता की कोई हिस्सेदारी, जनता की कोई साझेदारी होनी चाहिए। अगर जनता की हिस्सेदारी या जनता की साझेदारी नहीं रहेगी, तो सरकार की भी कोई जवाबदेही नहीं रहेगी। संसद से ज्यादा खराब स्थिति विधान सभाओं की है। चूँकि यह हमारी सबसे आदर्श संस्था है, अगर लोक सभा के दिन घटेंगे, अगर राज्य सभा के दिन घटेंगे, तो आप समझ जाइए कि यह बिल्कुल छुआछूत की बीमारी है और इस छुआछूत की बीमारी का असर विधान सभाओं पर भी पड़ता है। राज्यों के अन्दर जो तमाम ऐसे लोक महत्व के विषय होते हैं किसानों से सम्बन्धित, व्यापारियों से सम्बन्धित छात्रों से सम्बन्धित, कर्मचारियों से सम्बन्धित, ये तमाम सवाल जनता की नजर से ओझल हो जाते हैं, सरकार कोई जवाब नहीं देती है।

मान्यवर, हम देख रहे हैं कि जो सवाल किए जाते हैं, जो प्रश्न उठाए जाते हैं, उन सवालों का कितना evasive reply यानी सत्य से अलग हटने की और उसको गोल-मटोल तरीके से, ठीक या ठोस जवाब देने से सरकार और सरकार की नौकरशाही कतराती है। समयाभाव के कारण हम उस पर बहस नहीं चला सकते। इसलिए मैं यह मानता हूँ कि इस पर बहुत ही गम्भीरता से विचार होना चाहिए। देश में विचार हो रहा है। तमाम समाचार-पत्रों में बहुत अच्छे-अच्छे articles आ रहे हैं। लोग अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि यह केवल संस्था का ही अपमान नहीं है, संस्था के अपमान के साथ-ही-साथ पूरी राजनीति का अपमान है। आज जिस तरीके से चुनाव हो रहे हैं, आज जिस तरीके से हमारे प्रतिनिधि चुने जा रहे हैं, जिस तरीके से हमें सुविधाएँ प्राप्त हो रही हैं और उसका नतीजा कुछ नहीं निकल रहा है। अगर आज की राजनीति के जरिए हम जन समस्याओं का निदान या समाधान नहीं ढूँढ़ पाएंगे और लोगों का विश्वास राजनीति से या लोकतंत्र से उठ जाएगा, तो उसके कितने भयावह परिणाम होंगे, हम इसकी कल्पना नहीं कर सकते। आज हमारे देश के अन्दर चाहे वह पूर्वांचल का इलाका हो, चाहे उत्तरांचल का इलाका हो, चाहे आदिवासी इलाके हों, आज उन इलाकों में जिस तरीके से वहाँ के लोग हथियार उठा रहे हैं, वहाँ के लोग हिंसा पर उतारू हैं, अगर आप केवल बल के जरिए, केवल ताकत के जरिए, केवल पुलिस के जरिए उस असंतोष को, उस आवाज़ को दबाने की कोशिश करेंगे, तो उसका कोई नतीजा नहीं निकलेगा। लेकिन अगर हम वहाँ के लोगों की समस्याओं को उठाने की कोशिश करें, तो हमारे पास समय ही नहीं है।

सरकार के पास भी समय नहीं है कि उनकी समस्याओं पर कोई विचार करे अथवा उनको जानने की कोशिश करे। धीरे-धीरे आम लोगों में यह विश्वास पैदा हो रहा है कि संसद का माने कुछ नहीं। यहां केवल कोरी, निर्गुण बहस होती है। न तो इस बहस से अधिकारी डरता है, न भ्रष्टाचारी डरता है और न ही इस बहस से जनता के अंदर हम कोई विश्वास पैदा कर सकते हैं कि इस सदन में मामला उठाने से कुछ नतीजे निकलेंगे। पहले सदन से लोग डरते थे। पहले सदन का बड़ा असर होता था। एमपी का या विधायक का बड़ा असर होता था। अब आप देखिए, आज की अखबारों में एक घटना के तहत आया है कि एक एमपी को माफी मांगनी पड़ी, क्योंकि एमपी साहब के ऊपर इल्जाम था कि उन्होंने एक बैंक के मैनेजर को झापड़ मार दिया। किन परिस्थितियों में वह सब हुआ, उस पर मैं चर्चा नहीं करना चाहता हूं, मगर मैं यह बताना चाहता हूं कि बैंकों में किस तरीके से भ्रष्टाचार है। जो भ्रष्ट कर्मचारी या अधिकारी हैं, उनका जबरदस्त संगठन है और वे आपस में संगठित हो जाते हैं। आज हमसे कोई नहीं डरता है। मिनिस्टर से, विधायक से, एमपी से कोई नहीं डरता है, परन्तु अगर हम जन समस्याओं को लेकर किसी अधिकारी के पास जाएं तो कहने को प्रोटोकोल में हमारी स्थिति सेक्रेटरी के बराबर है। लेकिन अगर आप असलियत में देखना चाहें, तो जो कलेक्टर है, वह भी अपने को एमपी से सुपीरियर मानता है ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: दारोगा भी बड़ा मानता है।

श्री बृजभूषण तिवारी: माननीय सदस्य ने ठीक कहा कि दारोगा भी अपने को बड़ा मानता है। अब आप बताएं कि हमारे सामने क्या विकल्प है? सदन में हम जा नहीं सकते, विधान सभाओं में ये मसले उठ नहीं सकते और अगर उठते भी हैं तो सरकार उन पर कोई कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर सकती, सदन में मुझे मामला उठाने का कोई अवसर नहीं है, कहीं पर कानून इतने पेचीदा हैं कि उन कानूनों से कोई नतीजा निकलने वाला नहीं है। अगर अपने मतदाताओं का अथवा जिस जनता का हम प्रतिनिधित्व करते हैं, उनकी परेशानियों का निदान नहीं ढूंढ़ पाते, उनको न्याय नहीं दिलवा पाते, उनको उनका हक़ नहीं दिलवा पाते तो आखिर हमारे पद पर रहने का या सदन में सदस्य बने रहने का क्या औचित्य है? इसका नतीजा यह निकलता है कि इसकी चर्चा तो कभी नहीं होती कि सदन की बैठकें कम हो रही हैं, परन्तु सबसे ज्यादा चर्चा यह होती है कि संसद सदस्यों को सुविधाएं कितनी हैं, उनका भत्ता कितना है, टेलीफोन की कितनी सुविधा दी गई, बिजली की कितनी सुविधा दी गई और फिर उसका मुक़ाबला दुनिया के

दूसरे देशों से अथवा जो गरीब लोग हैं, उनके स्तर से किया जाता है। यानी, चारों तरफ से एक सोची-समझी साजिश के तहत यह विचित्र प्रवृत्ति पूरे देश में पनप रही है कि जो राजनीतिकर्मी हैं अथवा जो राजनैतिक दलों के नेता हैं अथवा राजनैतिक दल हैं, उनका चरित्र हनन करो। उनके प्रभाव को, उनकी प्रतिष्ठा को घटाने की कोशिश करो। इन सबसे आज पूरे देश के अंदर एक प्रकार से डीपॉलिटिकल, अराजनैतिक वातावरण पैदा हो रहा है। जब से देश में इस उपभोक्ता संस्कृति ने जन्म लिया है, तब से लोगों में, विशेषकर जो नई उम्र के लोग हैं, उनमें कोई वैल्यूज़ नहीं रह गई हैं, कोई मूल्य नहीं रह गए हैं।

आज ही मैंने सदन में एक मामला उठाया था कि गांधी जी के बारे में भी ऊट-पटांग या अभद्र टिप्पणी की जाती है। क्यों की जाती है? गांधी का क्या मतलब है? गांधी का मतलब है - अहिंसा, गांधी का मतलब है - सत्य, गांधी का मतलब है - अपरिग्रह, गांधी का मतलब है - किस प्रकार से सार्वजनिक जीवन की शुचिता बनी रहे। जब देश आजाद हुआ तो एक अमरीकी पत्रकार ने गांधी जी से पूछा कि जब देश आजाद होगा तो देश का प्रधान कौन होगा? गांधी जी ने कहा कि अगर मेरा बस चले तो मैं चाहूंगा कि मेरे आश्रम में जो झाड़ू लगाती है, उसकी लड़की देश की प्रधान बने। उस विदेशी पत्रकार ने कहा कि आप गज़ब के आदमी हैं। आपके पास पंडित जवाहर लाल नेहरू हैं, आपके पास डॉ. राजेन्द्र प्रसाद हैं, आपके पास सरदार वल्लभ भाई पटेल हैं और एक से एक पढ़े-लिखे विद्वान लोग हैं और आप कहते हैं कि आपके आश्रम में झाड़ू लगाने वाली की लड़की को आप देश का प्रधान बनाएंगे।

इस पर गांधी जी ने कहा कि इसके लिए शैक्षणिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने केवल तीन गुण बताए थे। उन्होंने कहा था कि पहला गुण यह हो कि उसकी integrity beyond doubt हो। दूसरी बात यह है कि वह शरीर और मन से शुद्ध हो और उसका कलेजा मजबूत हो। She should be of stout heart. इसके अलावा वह incorruptible भी हो। किसी भी कीमत पर उसको भ्रष्ट न किया जा सके। ...**(समय की घंटी)**... उन्होंने उसको और ज्यादा एक्सप्लेन किया कि उसमें सीता की आँखों की वह चमक होनी चाहिए जिससे कि कोई रावण भी उसे छूने की कोशिश न कर सके। ये गांधी के मूल्य हैं। जो व्यावहारिक जीवन है या जो लोग आज की राजनीति को सेवा के बजाय धन और प्रतिष्ठा कमाने का जरिया बनाना चाहते हैं, वे लोग आज हमारे ऐसे राष्ट्रीय पुरुषों का और ऐसे मूल्यों की हँसी उड़ाते हैं, मजाक उड़ाते हैं। यह सिलसिला जब शुरू होता है तो आज वही सिलसिला संसद से, वही सिलसिला राजनीति से, वही सिलसिला जन प्रतिनिधियों के चरित्रहनन और उनके मूल्यों को घटाने से होगा। अगर यह स्थिति बन जाएगी तो यही नौकरशाह और देश के यही भ्रष्ट पूंजीपति अपने निजी लाभ और अपने निजी स्वार्थ के लिए इस देश को ही विदेशियों के हाथों में बेच देंगे। ...**(समय की घंटी)**... इस पर अंकुश लगाने का एक मात्र जरिया यह है कि हम खुली बहस करें, हम संसद की गरिमा को बढ़ाएँ तथा हम संसद के अधिकारों को बढ़ाएँ। ये अधिकार और गरिमा तभी बढ़ सकती है जब हम इसकी ज्यादा-से-ज्यादा सिटिंग करें और संसद सदस्यों को, जनप्रतिनिधियों को लोक-महत्व के विषयों को उठाने का भरपूर मौका दें। मैं इसीलिए इस बिल का समर्थन करता हूँ। मैं चाहता हूँ कि अमेंडमेंट लाया जाए और इसे सरकार स्वीकार करे कि कम-से कम 120 दिन संसद चले और 60 दिन विधान सभा चले। मैं इन्हीं शब्दों के साथ इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात खत्म करता हूँ। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री मोहम्मद शफी (जम्मू और कश्मीर): उपसभाध्यक्ष जी, यह जो बिल आईन की तरमीम के हवाले से आज इस ऐवान में पेश हुआ है, इसके अग़राजो मकासिद पर नज़र डालें तो एक बात साफ हो जाती है कि गुजिश्ता 60 वर्षों से ज्यादा हमारे इस पार्लिमानी निजाम में बजाए बेहतरी आने के, बजाय इसके एतबार बढ़ने के, इसके ऐतबार में आवाम की नजरों में भी और हिज्बे इख्तिलाफ़ और हिज्बे इक्तिदार की नज़रों में भी इसकी अहमियत घट गई है। अगर आईन के बनने के बाद लोक सभा की और राज्य सभा की भी 110 सिटिंग्स होती थीं, तो अब उनकी 80 सिटिंग्स तक ही होती हैं। 80 सिटिंग्स ही इस साल में होंगी, लोक

5.00 p.m.

सभा की भी और राज्य सभा की भी। यह एक बड़ा संजीदा मसला है। इलेक्शन के वक्त या इलेक्शन के बाद सिर्फ इतना कहना ही काफी नहीं है कि हम दुनिया की एक बहुत बड़ी जम्हूरियत हैं, इसमें कोई शक नहीं है। बिलाशुबा हम दुनिया के बड़े जम्हूरी मुल्क होने का दावा करते हैं, लेकिन जम्हूरी मुल्क पर आवाम का एतबार बढ़ाने से ही जम्हूरियत मुस्तहकम हो सकती है, जम्हूरी निजाम मुस्तहकम हो सकता है। यहाँ पर आए दिन हम बेहतर निजाम-ए-हुकूमत या good governance का राग भी अलापते हैं। लेकिन कॉल और फेथ, जिसको हिंदी में कहते हैं - करनी और कथनी में कितना अंतर है, कितना फर्क है? वह आप जमीनी सतह पर देखेंगे, आवाम की सतह पर देखेंगे। आप यहां पर क्या मुबाहिसे करते हैं? बहुत कम लोगों को, बावजूद इस बात के, कि आज लोगों के पास टेलीविजन और रेडियो की सहूलियतें दूर-दराज इलाकों तक भी मौजूद हैं, वे तफरीही प्रोग्रामों में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं, आपकी इस निजामे-हुकूमत के चलने में और सबसे अदारे में जो मुबाहिसे होते हैं, उनकी दिलचस्पी आज इसमें बहुत घट गई है। बहुत कम लोग हमने देखे हैं, पढ़े-लिखे भी, सियासी मामलात में दिलचस्पी रखने वाले, वे समझते हैं कि क्या देखना है पार्लियामेंट के इजलास की कार्रवाई, वहां तो यह हंगामा होगा, या वाकआउट होगा, कोई संजीदा बहस तो होगी नहीं। जो कानून आएगा, उस कानून पर मुबाहिसे की बजाय, जल्दी में वह कानून जो है, पास कर दिया जाएगा। ये मामलात ऐसे हैं, जिनको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते, न हमें नजरअंदाज करना चाहिए। जिनकी मजबूती का हम रोज कहते हैं कि अदारे मजबूत होंगे, तो निजामे हुकूमत मजबूत होगा, बेहतर निजामे हुकूमत होगा। जो आवाम की फलाहो-बहबूद के लिए जो भी पालिसियां और प्रोग्राम यहां से बनकर निकलेंगे, वह आवाम तक पहुंचेंगे उनके फवाईद, लेकिन जब जवाबदेही का अमल ही नहीं होगा, जवाबदेही का अमल तो तभी है, जब यहां पर तमाम मामलात, जिनके ऐलानात किए जाएं, जिन पालिसियों को यहां बयान किया जाय, अच्छी पालिसियां, उनकी कितनी अमलआवरी होती है, वह लोगों तक ऐसे पहुंचे कि पार्लियामेंट में इस पर बहस हुए, जो भी ऐलानात हुए हैं, उन पर अमलआवरी के हवाले से हुकूमत क्या कर रही है, वह जवाबदेह है आवाम के।

हम पिछले दस, बीस, तीस साल से इस कार्यवाही को देखते आए हैं, और पिछले छह साल से भी देख रहे हैं, अब तो पार्लियामेंट का बाजाब्ता टेलीविजन पर भी यह मामला दिखाया जाता है। आम राय तो यही बनती है कि जवाबदेही जो है, हिज्बे इक्तिदार अपने आपको जवाबदेह ही नहीं समझता है पार्लियामेंट के सामने, किसी तरीके से वह टालने की कोशिश करता है और हिज्बे इख्तिलाफ यह समझता है कि अगर उनकी कोई खबर मीडिया में आनी है तो उसके लिए सिर्फ हंगामा जरूरी है। अगर वह हंगामा नहीं करेंगे, कोई संजीदा बहस करेंगे, तो खबर नहीं बनेगी। हिज्बे इक्तिदार ने भी अपनी सोच में तब्दीली लानी है, हिज्बे इख्तिलाफ ने भी अपनी सोच में तब्दीली लानी है। सबसे बड़ी बात यहां ऑनरेबल मैम्बर ने कही, एक वक्त था कि पार्लियामेंट में जो भी मैम्बर, चाहे लोक सभा हो या राज्य सभा हो, निहायत ही जिम्मेवारी से अपनी बात कहता था। चाहे हिज्बे इक्तिदार को कोई मैम्बर बात उठाता था, या हिज्बे इख्तिलाफ का मैम्बर ही किसी मसले पर यहां बात करता था, उसका निहायत ही संजीदा नोट लिया जाता था और आवाम को भी पता चलता था कि इस बारे में क्या कार्यवाही हुई। तो बड़े-बड़े मसायल के बारे में भी खामोशी को ही बेहतर समझा जाता है। गुज़िश्ता दिनों से हम यहां देखते हैं, दो अहम मामलात यहां पर जेरे-बहस आए। वह अहम इस लिहाज से हैं कि उनके असरात आवाम के जेहन पर पड़ने वाले हैं। एक तो यह था कि किसी वजीर ने - इसमें कितना सच है, यह बात तहकीकात की है.....

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Shafi, you can continue your speech on the next day when the Private Members' Bill is taken up, please.

श्री मोहम्मद शफी: थैंक यू सर।

جناب محمد شفیع صاحب (جموں اور کشمیر) : اپ سبھا ادھیکش جی، یہ جو بل آئین کی ترمیم کے حوالے سے آج اس ایوان میں پیش ہوا ہے اس کے اغراض و مقاصد پر نظر ڈالیں تو ایک بات صاف ہو جاتی ہے کہ گزشتہ 60 سالوں سے زیادہ ہمارے اس پارلیمانی نظام میں بجائے بہتری آنے کے، بجائے اس کے اعتبار بڑھنے کے، اس کے اعتبار میں عوام کی نظروں میں بھی اور حزب اختلاف اور حزب اقتدار کی نظروں میں بھی اس کی اہمیت گھٹ گئی ہے۔ اگر آئین کے بننے کے بعد 110 سٹنگس ہوتی تھیں، لوک سبھا کی بھی اور راجیہ سبھا کی بھی، وہ اب 80 سٹنگس تک ہی ہوتی ہیں۔ 80 سٹنگس ہی اس سال میں ہوں گی، لوک سبھا کی بھی اور راجیہ سبھا کی بھی۔ یہ ایک بڑا سنجیدہ مسئلہ ہے۔ الیکشن کے وقت یا الیکشن کے بعد صرف اتنا کہنا ہی کافی نہیں ہے کہ ہم دنیا کی ایک بہت بڑی جمہوریت ہیں، اس میں کوئی شک نہیں ہے۔ بلاشبہ ہم دنیا کے بڑے جمہوری ملک ہونے کا دعوی کرتے ہیں، لیکن جمہوری ملک پر عوام کا اعتبار بڑھانے سے ہی جمہوریت مستحکم ہو سکتی ہے، جمہوری نظام مستحکم ہو سکتا ہے۔ یہاں پر آئے دن ہم بہتر نظام حکومت یا good governance کا راگ بھی الاپتے ہیں۔ لیکن کال اور فیتھ، جس کو ہندی میں کہتے ہیں، "کرنی اور کتھنی میں کتنا انتر ہے، کتنا فرق ہے"؟ وہ آپ زمینی سطح پر دیکھیں گے، عوام کی سطح پر دیکھیں گے، آپ یہاں پر کیا مباحثے کرتے ہیں؟ بہت کم لوگوں کو، باوجود اس بات کے، کہ آج لوگوں کے پاس ٹیلی ویژن اور ریڈیو کی سہولیتیں دور دراز علاقوں تک بھی موجود ہیں، وہ تفریحی پروگراموں میں زیادہ دلچسپی رکھتے ہیں، اس کی دلچسپی آج اس میں بہت گھٹ گئی ہے۔ بہت کم لوگ ہم

[] Transliteration in Urdu Script.

نے دیکھے ہیں، پڑھے لکھے بھی، سیاسی معاملات میں دلچسپی رکھنے والے، وہ سمجھتے ہیں کہ کیا دیکھنا ہے پارلیمنٹ کے اجلاس کی کاروائی، وہاں تو یہ ہنگامہ ہوگا، یا واک آؤٹ ہوگا، کوئی سنجیدہ بحث تو ہوگی نہیں۔ جو قانون آئے گا، اس قانون پر مباحثے کی بجائے، جلدی میں وہ قانون جو ہے، پاس کر دیا جائے گا۔ وہ معاملات ایسے ہیں، جن کو ہم نظر انداز نہیں کر سکتے، نہ ہمیں نظر انداز کرنا چاہئے۔ جن کی مضبوطی کا ہم روز ذکر کرتے ہیں کہ ادارے مضبوط ہوں گے، تو نظام حکومت مضبوط ہوگا، بہتر نظام حکومت ہوگا۔ جو عوام کی فلاح و بہبود کے لئے جو بھی پالیسیاں اور پروگرام یہاں سے بن کر نکلیں گے، وہ عوام تک پہنچیں گے ان کے فوائد، لیکن جب جواب دہی کا عمل ہی نہیں ہوگا، جواب دہی کا عمل تو بھی ہے، جب یہاں پر تمام معاملات، جن کے اعلانات کئے جائیں، جن پالیسیوں کو یہاں بیان کیا جائے، اچھی پالیسیاں، ان کی کتنی عمل آوری ہوتی ہے، وہ لوگوں تک ایسے پہنچے کہ پارلیمنٹ میں اس پر بحث ہو، جب بھی اعلانات ہوتے ہیں، ان پر عمل آوری کے حوالے سے حکومت کیا کر رہی ہے، وہ جواب دہ ہے عوام کے۔

ہم پچھلے دس،بیس، تیس سالوں سے اس کاروائی کو دیکھتے آئے ہیں، اور پچھلے چھہ سال سے بھی دیکھ رہے ہیں، اب تو پارلیمنٹ کا باضابطہ ٹیلی ویژن پر بھی یہ معاملہ دکھایا جاتا ہے۔ عام رائے تو یہی بنتی ہے کہ جواب دہی جو ہے، حزب اقتدار اپنے آپ کو جواب دہ ہی نہیں سمجھتا ہے ہے پارلیمنٹ کے سامنے، کسی طریقے سے وہ ٹالنے کی کوشش کرتا ہے اور حزب اختلاف یہ سمجھتا ہے کہ اگر ان کی کوئی خبر میڈیا میں آنی ہے تو اس کے لئے صرف ہنگامہ ضروری ہے۔ اگر وہ ہنگامہ نہیں کریں گے، کوئی سنجیدہ بحث کریں گے، تو خبر نہیں بنے گی۔ حزب اقتدار نے بھی اپنی سوچ میں تبدیلی لانی ہے، حزب اختلاف نے بھی اپنی سوچ میں تبدیلی لانی ہے۔ سب سے بڑی بات یہاں آنریبل ممبر نے کہی، ایک وقت تھا کہ پارلیمنٹ میں جو بھی ممبر، چاہے لوک سبھا ہو یا راجیہ سبھا کا ہو، نہایت ذمہ داری

[]Transliteration in Urdu Script.

سے اپنی بات کہتا تھا۔ چاہےحزب اقتدار کا کوئی ممبر بات اٹھاتا تھا، یا حزب اختلاف کا ممبر ہی کسی مسئلے پر یہاں بات کرتا تھا، اس کا نہایت ہی سنجیدہ نوٹ لیا جاتا تھا اور عوام کو بھی پتہ چلتا تھا کہ اس بارے میں کیا کاروائی ہونی۔ تو بڑے بڑے مسائل کے بارے میں بھی خاموشی کو ہی بہتر سمجھا جاتا ہے۔ گزشتہ دنوں سے ہم یہاں دیکھتے ہیں، دو اہم معاملات یہاں پر زیر بحث آئے۔ وہ اہم اس لحاظ سے ہے کہ ان کے اثرات عوام کے ذہن پر پڑنے والے ہیں۔ ایک تو یہ تھا کہ کسی وزیر نے - اس میں کتنا سچ ہے، یہ بات تحقیقات کی ہے....

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Shafi, you can continue your speech on the next day when the Private Members' Bill is taken up, please.

جناب محمد شفیع صاحب: تھینک یو سر۔

(ختم شُد)

MESSAGES FROM LOK SABHA

(I) Motion Re: Nomination of Members to the Committee on Public Accounts

(II) Motion Re: Nomination of Members to the Committee on Public Undertakings

(III) Motion Re: Nomination of Members to the Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report to the House the following messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:-

(I)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Friday, the 3rd July, 2009, adopted the following motion:-

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate seven members from Rajya Sabha for being associated with the Committee on Public Accounts of the House for the term ending on the 30th April, 2010 and do communicate to this House the names of the members so nominated by Rajya Sabha."

2. I am to request that the concurrence of Raja Sabha in the said motion, and also the names of the members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

[]Transliteration in Urdu Script.